तापमान

अधिकतम 26.6 डिग्री

न्यूनतम 10.5 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 11 जनवरी 2026



शनिवार को इमलीपारा में मोडिफाइड साइलेंसर की चेकिंग करती पुलिस



## खबर संक्षेप

### राम कथा की शोभायात्रा आज, मार्ग बदला

**बिलासपुर।** 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य शिव टाकीज चौक जगन्नथ मंगलम से प्रभु श्रीराम की भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो कि पुराना बस स्टैंड चौक-अग्रसेन चौक- सत्यम चौक-मसानगंज मार्ग- मध्य नगरी चौक- मारवाड़ी लाइन- किशन चौक-गोल बाजार- कोतवाली चौक होते हुए-लाल बहादुर शास्त्री स्कूल प्रांगण में आयोजित प्रभु श्रीराम कथा स्थल कलश शोभायात्रा पहुंचेगी । उक्त कलश यात्रा के दौरान कलश धारणी माताओं बहनों का काफिला भ्रमण मार्ग में वाहनों का आवागमन संभव नहीं होगा। इस दौरान नागरिकों के सरल, सुगम, सुव्यस्थित, सुचारू एवं सुरक्षित आवागमन के लिए आवश्यक डायवर्सन मार्ग से ही आवागमन सुनिश्चित की जाएगी। कलश शोभायात्रा के दौरान परिवर्तित मार्ग का अनुसरण करते हुए ही अपने-अपने गंतव्य की ओर जाने अनुरोध किया गया है। शिव टाकीज, सीएमडी चौक, मगर पारा चौक डीआईजी तिराहा, ईदगाह चौक, सिम्स चौक, बाल्मीकि चौक, शनिचरी तिराहा, गांधी चौक, हटरी चौक उक्त मार्ग में लगे हुए यातायात के अधिकारियों- कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहे दिशा निर्देशो का पालन अवश्य की अपील की गई है।



### महर्षि विद्या मंदिर परिवार में अखंड मानस पाठ

**बिलासपुर।** परम पुज्य महर्षि की 109 वीं जयंती ज्ञान युग दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर परिवार में अखंड मानस पाठ का आयोजन 11 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके आयोजक महर्षि विद्या मंदिर परिवार के सदस्यों ने बताया कि इस दिन सुबह 11 बजे दीप प्रज्जवलित कर अखंड मानस पाठ का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर सजीव झांकी निकाली जाएगी। 12 जनवरी को सुबह 11 बजे अखंड मानस पाठ की पूर्णाहुति एवं आरती के साथ सजीव झांकी का प्रदर्शन कर, प्रसाद वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा।

### विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की व्याख्यान माला 17 को

**बिलासपुर।** विमर्श भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की व्याख्यान माला 17 जनवरी को शाम 4 बजे से लखीराम अग्रवाल सभागार में किया जाएगा। इसके मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव होंगे। मुख्य अतिथि भारतीय जन संचार संस्थान नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक प्रो. संजय द्विवेदी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिम्स के अधिष्ठाता डा. रमणेश मूर्ति करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल होंगे।

### हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में गर्डर लांचिंग से ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के हथबंद-तिलदा नेवरा सेक्शन के बीच लेवल क्रासिंग पर रोड अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया जाना है, जिसके लिए बॉक्स पुशिंग की सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों को डी-लांचिंग कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लाक लिया जाएगा। इसकी वजह से बिलासपुर से रायपुर के बीच ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 11 जनवरी को 68728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन, 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन, 68733 गेवरारोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन, 68734 बिलासपुर-गेवरारोड मेमू पैसेंजर ट्रेन, 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, 58205 रायपुर-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 12 जनवरी को 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 58203 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन रद्द की जाएगी।

# बंद चार आत्मानंद स्कूल के बच्चों की वैकल्पिक व्यवस्था, शिक्षकों का भविष्य अभी भी अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



खबर का असर

करोड़ों का घोटाला हो सकता है, लेकिन बच्चों के लिए पैसा नहीं, डीएमएफ से फंड का हवाला देकर चार जिलों के 16 स्कूल कर दिए गए बंद

हरिभूमि में 10 जनवरी को प्रकाशित खबर।

- प्रत्येक विद्यालय में 1-1 प्राथमिक शिक्षिका नर्सरी से के.जी.2 तक के बच्चों का प्रभार संभालेंगी
- स्कूलों को बंद करने और शिक्षकों को निकालने के बारे में अभी तक कोई भी फैसला नहीं लिया गया

हरिभूमि की खबर के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन की थोड़ी नींद खुली है। व्यवस्था के तहत आदेश जारी किया गया है कि जिले के 4 आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी कक्षाओं के बच्चों की देखभाल और अध्यापन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इस सत्र के अंत तक प्रत्येक विद्यालय में 1-1 प्राथमिक शिक्षिका नर्सरी से के.जी.2 तक के बच्चों का प्रभार संभालेंगी। आदेश के मुताबिक चंचल चंद्रा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल तारबाहर, खुश्बू जायसवाल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम तिलकनगर, श्वेता साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम लाला लाजपत राय और समीक्षा केसरी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी स्कूल लाल बहादुर शास्त्री बच्चों का प्रभार संभालेंगी। हालांकि फंड के अभाव में स्कूलों को बंद करने और शिक्षकों को निकालने के बारे में अभी तक कोई भी फैसला नहीं लिया गया है। यह शिक्षक और स्टाफ भटकने को मजबूर हैं।

गौरतलब है कि डीएमएफ फंड का आबंटन नहीं होने और कमी के कारण चार जिलों के 16 आत्मानंद स्कूलों में संचालित नर्सरी की कक्षाएं बंद कर दी गईं हैं। इसमें बिलासपुर के साथ ही बालोद, राजनांदगांव और बेमेतरा जिला शामिल है। इनमें कार्यरत 25 शिक्षकों को नौकरी से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही 4 हजार से अधिक छात्रों के भविष्य पर भी सवाल खड़ा हो गया है। बिलासपुर में ऐसे 6 शिक्षकों पर गाज गिरी है। इन शिक्षकों को बीच सत्र में नौकरी से बाहर कर दिया गया है। गौरतलब है कि

प्रदेश में 751 आत्मानंद स्कूल हैं। इसमें पौने चार सौ स्कूल हिंदी माध्यम और शेष अंग्रेजी वाले हैं। इसमें से कई स्कूल को पीएमश्री का दर्जा मिला है। बिलासपुर की बात की जाए तो यहां 34 आत्मानंद स्कूल हैं। इसमें से 12 पीएमश्री स्कूल हैं।

### फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था की गई

जिले के 4 आत्मानंद स्कूलों में नर्सरी कक्षाओं के बच्चों के देखभाल और अध्यापन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इस सत्र के अंत तक प्रत्येक विद्यालय में 1-1 प्राथमिक शिक्षिका नर्सरी से के.जी.2 तक के बच्चों का प्रभार संभालेंगी। डीएमएफ से फंड नहीं मिलने के कारण चार स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं बंद कर दी गईं हैं।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी

### डीएमएफ से फंड नहीं, चार स्कूल बंद

जिले की बात करें को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को डीएमएफ फंड से राशि मिलनी बंद हो गई है। इसी कारण सरकारी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, लाला लाजपतराय, तिलक नगर, लाल बहादुर और तारबाहर स्कूलों में संचालित नर्सरी की कक्षाएं बंद कर दी गईं हैं। गौरतलब है कि जिले के 34 स्वामी आत्मानंद स्कूलों में सिर्फ 4 स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं चल रही है जो शहर में स्थित है। उक्त सभी स्कूलों में वर्तमान में छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए छह शिक्षिकाएं पदस्थ हैं। दो पद रिक्त है। इसके बाद भी डीएमएफ से सिर्फ छह शिक्षकों को वेतन जारी करने फंड नहीं है। इसके कारण नर्सरी कक्षाओं को बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

### पहले मिलते थे 5 लाख, अब 80 हजार

देखा जाए तो प्रदेश भर के आत्मानंद स्कूल मौजूदा शैक्षणिक सत्र में भी गंभीर बजट संकट से गुजर रहे हैं। दो साल पहले सरकार हरेक स्कूल को 5 लाख रुपए तक देती थी, अब इन्हें 80 हजार रुपए ही मिल रहा है। फंड की इस कमी का सीधा असर स्कूलों की नियमित गतिविधियों और सह-शैक्षणिक कार्यक्रमों पर पड़ा है। बच्चों को ना स्कूल ड्रेस मिल रहा है और ना ही स्कूलों में सफाई हो पा रही है। चाक डस्टर तक के पैसे स्कूलों के पास नहीं है। कई स्कूलों में वार्षिकोत्सव और दूसरे समारोह भी इसी कारण स्थगित करने पड़ गए।

## जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने जो रिपोर्ट भेजी गई है उसमें भी 40 तालाबों का ही जिक्र

# 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक खर्च, इसके बाद भी 117 ऐतिहासिक तालाबों पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के एक-एक तालाब को स्मार्ट बनाने की बात कही जा रही है तो दूसरी ओर बिलासपुर के ऐतिहासिक तालाब, जो कभी शहर की पहचान और पानी की जरूरत का मुख्य स्त्रोत थे, अब खतरे में हैं। इन तालाबों ने न केवल शहर को जल उपलब्ध कराया, बल्कि पर्यावरण को संतुलित रखने और स्थानीय लोगों की आजीविका में भी अहम भूमिका निभाई। मामा भांजा, चांदमारी जैसे कई तालाब न केवल जल स्त्रोत थे, बल्कि शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर भी हैं। अंग्रेजों के दौर से जुड़े ये तालाब आज अतिक्रमण और प्रशासनिक अनदेखी के कारण खत्म होने की कगार पर हैं। हाल यह है कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत 117 तालाब हैं लेकिन जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने के लिए जो रिपोर्ट भेजी गई है उसमें 40 तालाबों का ही जिक्र है। इस रिपोर्ट में भी 10 तालाबों की सफाई, सौंदर्यीकरण कराने की बात कही गई है।

बिलासपुर में तो खास तौर पर जल स्त्रोतों की दुर्दशा हो गई है। चाहे अरपा नदी हो या फिर तालाब, सब प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। शासन, प्रशासन की ओर से जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाने करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, परंतु नतीजा शून्य ही रहा। तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक राशि खर्च की जा चुकी। इसके बावजूद बंधवापारा, बछेरा जैसे गिनती के तालाब ही कुछ हद तक संवर पाए हैं। कई तालाब बेजा कब्जा की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं रकबा घट गया है तो कहीं उस पर माल बन गए गए हैं।



### अधिकांश बेजा कब्जा की भेंट चढ़ गए

- अब प्रदेश के सभी 14 नगर निगमों के एक-एक तालाब को स्मार्ट बनाने की बात कही जा कही



### जतिया तालाब पर अब तक 9 करोड़ खर्च

जरहाभाठा का जतिया तालाब 9 करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद पूरी तरह संवर नहीं पाया। तालाब का आलम यह है कि लगातार बारिश के बावजूद उसका एक हिस्सा सूखा और दूसरे हिस्से में एकाध फुट नाले का पानी भरा रहता है। जिससे बदबू आती है। रात में तालाब नशाखोरों के अड्डे के रूप में तब्दील हो जाता है। नाले के पानी को शुद्ध कर तालाब में भरने के लिए ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया है, लेकिन वह महीनों से बंद पड़ा है। कारण उसे चालू करने के लिए बिजली की समस्या है। इंजीनियर की मानें तो ट्रांसफार्मर शुक्रवार को ही लगा है। तालाब के अंदर घास व झाड़ियां उग आई हैं। अभी तक फूड कोर्ट भी नहीं खुल सका है।

### शहर में 147 तालाब, अधिकांश गायब

रिकार्ड की बात करें तो शहर में लगभग 147 तालाब हैं। 1992 से अब तक के सेटेलाइट इमेज और आंकड़ों को देखें तो कई तालाबों का अस्तित्व मिट चुके हैं और इन तालाबों के गायब होने से मछली पालन और इससे जुड़े व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पर्यावरणविद और विशेषज्ञों का कहना है कि तालाबों को बचाने के लिए प्रशासन और जनता को मिलकर ठोस कदम उठाने होंगे। चिंगराजपारा के डबरी तालाब और बीच बस्ती के करबला तालाब की हालत यह है कि वह चारों तरफ बेजा कब्जा से इस कदर घिर चुका है कि तालाब के अंदर पहुंचान मुश्किल है।

### मामा भांजा और चांदमारी तालाब पर कब्जे

मामा भांजा तालाब और चांदमारी तालाब, जो अंग्रेजों के समय की धरोहर थे, आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। चांदमारी तालाब पर कभी अंग्रेजों के जवान ट्रेनिंग लिया करते थे, और यह एक ऐतिहासिक महत्व का स्थान था। करबला, चिंगराजपारा और चांटीडीह इलाके में प्रमुख तालाब अतिक्रमण के कारण संकट में हैं। तालाबों को चारों ओर से कंक्रीट के जाल में घेर दिया गया है और कई तालाब पूरी तरह मिट चुके हैं।

### प्रस्ताव भेजा गया

शहर के तालाबों को लगातार संवारा जा रहा है। स्मार्ट सिटी की ओर से भी इस पर काम हुए हैं। तीन तालाबों को नए सिरे से संवारने के लिए केन्द्र सरकार के पास प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें बिरकोना का हंसासागर तालाब के साथ जोन एक और 2 के 2 अन्य तालाब शामिल हैं।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

### इस तरह स्मार्ट बनेंगे तालाब

ताजा मामले में नगरीय प्रशासन विभाग ने इन तालाबों को आरपीएफ यानी रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल के तहत पीपीपी मॉडल पर स्मार्ट झील बनाने के लिए निकायों को निर्देश जारी कर दिए हैं। योजना के तहत चयनित निजी एजेंसियों को तालाबों की डी-सिल्टिंग, सफाई, गंदे पानी की आवक रोकने, जल उपचार, सौंदर्यीकरण और 10 से 15 साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तालाबों में एरेशन सिस्टम, बायो-रिमेडिएशन तकनीक, वॉकिंग ट्रैक, लाइटिंग, फाउंटेन और ग्रीन बेल्ट विकसित होंगी। सरकार इस पूरी परियोजना को पीपीपी मॉडल पर लागू करेगी, ताकि निजी निवेश और आधुनिक तकनीक के जरिए शहरी जलस्रोतों का स्थायी समाधान निकाला जा सके। योजना का मकसद तालाबों को सिर्फ जलस्रोत नहीं बल्कि पर्यावरण, पर्यटन और शहर की पहचान के रूप में विकसित करना है।

# ब्लूटूथ से दिल्ली पुलिस की परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया छात्र

**बिलासपुर।** जैमर के बीच इलेक्ट्रानिक डीवाईस ब्लूटूथ से दिल्ली हेड कांस्टेबल लिपिकीय परीक्षा में नकल करते एक छात्र को पकड़ा गया है। पुलिस ने छात्र के खिलाफ अपराध कायम कर गिरफ्तार कर लिया है।



सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया 9 जनवरी 2026 को फरहदा स्थित जीटीबी कालेज में यह परीक्षा चल रही थी। हेड कास्टेबल लिपिकीय की यह दिल्ली पुलिस 2025 सीबीई परीक्षा द्वारा भर्ती एसएसएसी द्वारा आयोजित थी। शाम की पाली 4.30 से 6.30 बजे की परीक्षा में राजस्थान दोसा सेकंड बसवा निवासी मोहित मीना पिता गाजीराम मीना 25 साल परीक्षा दे रहा था। परीक्षा के दौरान मोहित ने सिर पर टोपी और बदन पर जैकेट पहना हुआ था। परीक्षा जैसे ही शुरू हुई वह अपने शरीर में छिपाकर रखे ब्लूटूथ को चालू करने का प्रयास करने लगा। इसी दौरान परीक्षा कक्ष में मौजूद आर्ब्जवर की नजर उस पर पड़ गई। आर्ब्जवर को आरोपी की हरकतों पर संदेह हुआ तो उसे परीक्षा हाल से उठाकर बाहर ले जाकर कार्यालय में बिठाया गया। यहां उसकी टोपी, जैकेट व शर्ट उतरवाकर जांच की गई तो कंधे के नीचे टेप से चिपकाकर इलेक्ट्रानिक डिवाइस ब्लूटूथ छिपाकर रखा हुआ पाया गया। कालेज के मैनेजर मुंगेली फास्टरपुर बघमार निवासी विजय कुमार लहरे ने सीपत पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस कालेज पहुंची और अभ्यर्थी को पकड़कर थाने ले आई। उसके पास से ब्लूटूथ जब्त किया गया। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 6, 112, 2, 318, 4, 61, 2 के तहत मोहित मीना को गिरफ्तार कर लिया है।

### जैमर के बाद भी काम कर रहा था ब्लूटूथ

परीक्षा हाल में मोबाइल व इलेक्ट्रानिक डिवाइस प्रतिबंध था। इसके लिए कालेज में जैमर लगाया गया था। इसके बाद भी अभ्यर्थी छिपाकर इस ब्लूटुथ को लेकर अंदर चला गया और नकल कर रहा था। जैमर लगने के बाद भी उसका इलौक्ट्रानिक डीवाईस काम कर रहा था।

### ऐसे कर रहा था नकल

पुलिस के मुताबिक छात्र का एक साथी कालेज के आसपास लैपटाप या टेबलेट लेकर बैठा हुआ था। छात्र के द्वारा एक बटन दबाने पर बाहर बैठे छात्र की डिवाइस में हरा लाइट जलता था। उसके बाद बाहर बैठे व्यक्ति के द्वारा मोबाइल से सवाल का जवाब बताया रहा था। मोहित के पकड़े जाने बाद उसका सहयोगी फरार हो गया।

# रिटायर्ड रेलवेकर्मी से 67 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर रिटायर्ड रेलवेकर्मी से 66 लाख 70 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार मोपका गार्डन सिटी निवासी रिटायर्ड रेलवेकर्मी प्रियदर्शी रावतराय पिता गंगाधार जय सिंह के मोबाइल में ट्रेडिंग में पैसा लगाने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का मैसेज आया। उन्होने उक्त नम्बर पर फोन किया तो उन्हें उक्त ट्रेंडिग में देश के बड़े-बड़े लोगों का नाम बताते हुए पैसा लगाकर मुनाफा कमाने की बात कहीं गई। श्री रावतराय उनकी बातों में आ गए और बताई गई कंपनी में पैसा लगाना शुरू कर दिया। इस तरह उन्होंने 66 लाख 70 हजार रुपए जमा कर दिया। इसके बाद उनके द्वारा मुनाफा की राशि मांगने पर जालसाज उनसे और पैसा जमा करने की मांग करने लगे। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। श्री रावतराय ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318,4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## लालखदान हादसे के बाद रेल संरक्षा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# बिलासपुर-जयरामनगर के बीच किया जाएगा कवच का ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लालखदान रेल हादसे के बाद अफसरों ने रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिलासपुर से जयरामनगर के बीच रेलखंड में कवच लोकोमोटिव ट्रायल की शुरुआत की है।

पिछले माह जयरामनगर से बिलासपुर के बीच लालखदान के पास लोकल मेमू और मालगाड़ी की टक्कर के बाद से रेल अफसरों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। एक-एक यात्री ट्रेनों के साथ मालगाड़ियों के परिचालन पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि दोबारा घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। इसके तहत रेल संरक्षा एवं परिचालन को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के अंतर्गत बिलासपुर से जयरामनगर रेलखंड में कवच लोकोमोटिव ट्रायल का शुभारंभ किया गया है। यह ट्रायल ब्लॉक सेक्शन में स्थापित प्रोग्राम्ड आरएफआईडी टैग्स की रीडिंग को कवच से सुसज्जित लोकोमोटिव के माध्यम से सत्यापित करने के उद्देश्य से किया गया। ट्रायल में कवच की आटोमैटिक ब्रेकिंग प्रणाली को भी असामान्य एवं अप्रत्याशित परिचालन परिस्थितियों में सफलतापूर्वक परखा गया है। रेलवे के अनुसार ट्रायल का सफलतापूर्वक संपन्न होना एसईसीआर में कवच तकनीक के औपचारित रोलआउट की शुरुआत को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य ट्रेन परिचालन में संरक्षा को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है। कवच ट्रायल के आरंभ होने के साथ ही रेल अफसर और कर्मचारी इस अत्याधुनिक प्रणाली का व्यवहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं, जिससे रेलवे के अन्य रेल खंड में कवच के त्वरित कार्यान्वयन में सहायता मिलेगी। ट्रायल्स में ट्रेन रनिंग स्टाफ की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है, ताकि वे विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में कवच के कार्यप्रणाली को भलीभांति समझ कर परिचित हो सकें।

### परियोजना की लागत 1654 करोड़

यह ट्रायल ऐसे समय में किया जा रहा है, जब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्राधिकार में व्यापक स्तर पर कवच कार्यो को शुरु किया गया है। स्टेशन कवच, लोको कवच, दूरसंचार टावर, आप्टिकल फाइबर केवल नेटवर्क एवं अन्य संबंधित अधोसंरचना के लिए टेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कवच परियोजना की कुल स्वीकृत लागत करीब 1654 करोड़ रुपए है। वर्तमान में नागपुर से झारसुगुड़ा खंड पर कवच कार्य प्रगति पर है, जो उच्च घनत्व वाले मुम्बई-हावड़ा कारीडोर के 614 रूट किलोमीटर को कवर करता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नागपुर-गोंदिया खंड 135 रूट किलोमीटर में कवच रोलआउट का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# आधार नामांकन व अपडेट के लिए आज भी जारी रहेंगी सेवाएं

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों को आधार से संबंधित सेवाएं सुलभ कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इसके तहत प्रधान डाकघर बिलासपुर, प्रधान डाकघर जांजगीर एवं प्रधान डाकघर कोरबा में आधार नामांकन एवं अपडेट की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रधान डाकघर बिलासपुर में कार्यदिवसों के दौरान आधार नामांकन एवं अपडेट की सुविधा सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक प्रदान की जा रही है। इसके अलावा आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी चयनित प्रधान डाकघरों में प्रत्येक रविवार को भी आधार नामांकन एवं अपडेट की सुविधा कार्यालयीन समयानुसार तक उपलब्ध रहेगी। जिन नागरिकों का आधार नामांकन नहीं हुआ है, वे नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं। साथ ही आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, बायोमेट्रिक एवं केवाईसी से संबंधित सुधार एवं अपडेट का कार्य निर्धारित शुल्क पर किया जाएगा। 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट निःशुल्क किया जाएगा। डाक विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।


स्व.उषा देवी भण्डारी जी की स्मृति
में आयोजित
रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता
विनीत कप 2025-26 समापन समारोह
दिनांक : 11 जनवरी 2026, समय : सायं 7:30 बजे
आयोजन स्थल : जिला खेल परिसर, SECL मुख्यालय के सामने,
सीपत रोड, बिलासपुर (छ. ग.)
मुख्य अतिथि :-
श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
अध्यक्षता :-
श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी
स्वास्थ्य मंत्री, छ. ग. शासन
विशिष्ट अतिथि :-
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े जी
महिला एवं बाल विकास मंत्री, छ.ग. शासन
विशिष्ट अतिथि :-
श्री धरमजीत सिंह जी
विधायक, तखतपुर विधानसभा
विशिष्ट अतिथि :-
श्री सुशांत शुक्ला जी
विधायक, बेलतरा विधानसभा
विशिष्ट अतिथि :-
श्री विश्वेश ठाकरे जी
मैनेजिंग एडिटर, आईबीसी 24
Special Guest Appearance
Manushi Chhillar
Miss World 2017
Bollywood Actress
Shefali Bagga
Event Anchor
की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा,
आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।
शुभेच्छू : "लाईफ" द स्पोर्ट्स एशोसिएशन
सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)
ईशान (निक्कू) भण्डारी
आयोजक

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## आर्मी एसएससी टेक्निकल के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिलासपुर।** भारतीय सेना की ओर से एसएससी टेक्निकल परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इस भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से एसएससी टेक्निकल के कुल 350 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 7 जनवरी 2026 से शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार भारतीय सेना में एसएससी टेक्निकल के पदों पर आवेदन करना चाहते हैं, वे भारतीय सेना की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 5 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु की गणना 1 अक्टूबर 2026 के आधार पर की जाएगी। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की आयु 20 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने स्नातक में इंजीनियरिंग की डिग्री पूरी कर ली हो या उम्मीदवार इंजीनियरिंग में स्नातक के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत होना चाहिए।




### आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के पदों पर भर्ती

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। उम्मीदवार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के कुल 130 पदों पर भर्ती के लिए 13 मार्च 2026 से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। साथ ही इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

कार्यक्रम

## सेजेस की छात्राओं ने रोल प्ले फोक डांस में लिया भाग



**बिलासपुर।** एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय भूमिका निर्वाह एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेशों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें डॉ गायत्री तिवारी नोडल अधिकारी प्राचार्य पीएम सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सरकंडा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की टीम रोल प्ले एवं फोक डांस में भाग लेने ग्वालियर पहुंची। रोल प्ले में मार्गदर्शन शिक्षक के रूप में डॉ प्रवीण मिश्रा, वंदना तांबे एवं छात्राएं गीतिका तिवारी, साक्षी साहू, मुस्कान मानिकपुरी सानिया मुसर्रत, कविता यादव ने भाग लिया। जहां रोल प्ले में पीएम श्री सेजेस शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्राओं की प्रशंसा हुई। जिसके लिए एनसीईआरटी द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

धर्म-क्षेत्र

## श्री राम कथा के पहले दिन निकाली गई शोभा यात्रा

**बिलासपुर।** फारेस्ट कालोनी न्यू स्मार्ट सिटी रोड किशोरी राधा रानी समिति के तत्वावधान में 9 जनवरी से श्री रामा कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन यहां भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक रानी मिश्रा, दुर्गा मिश्रा ने बताया कि रथ पर विराजमान आचार्य भागवताचार्य अमर कृष्ण शुक्ला से लोग आशीर्वाद लेते नजर आए। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे प्रारंभ हो रहा है। इसमें वेद स्थापना 9 जनवरी को की गई। 10 जनवरी को भारद्वाज और याज्ञवल्क्य को भेंट किया गया। 11 जनवरी को सती चरित्र और शिव पार्वती का विवाह कराया जाएगा। इस दौरान समिति के सदस्य हेमंत बघेल, सतीश शर्मा, रानी, गोल, गोपी, सूरज, प्रसेन्न सिंह ठाकुर, मंजू यादव, रानी मिश्रा, दुर्गा मिश्रा, चंद्रभान साहू, भागवत यादव, रितेश साहू, सोन सिंह, शेखर मिश्रा, सिक्की साहू, संतोषी पटेल, वेद प्रसाद पटेल आदि का सहयोग रहा।



आयोजन

## स्वामी विवेकानंद के जीवन पर चित्रकला, निबंध स्पर्धा



**बिलासपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा बिलासपुर ने विगत 25 दिसंबर से 12 जनवरी तक समर्थ भारत पर्व का आयोजन किया है। इसके तहत भारत माता व विवेकानंद की आरती, पुष्पांजलि कर भारत मां के प्रति समर्पण को व्यक्त किया जा रहा है। संयोजिका डॉ सुषमा पंड्या ने बताया कि समर्थ भारत पर्व के तहत विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालयों में प्रतियोगिताओं का आयोजन कर युवाओं, किशोरों को विवेकानंद एवं उनके विचारों से अवगत कराकर उनमें राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करना है। प्रतियोगिताओं में मुख्य रूप से मैं विवेकानंद हूं गेटअप में विवेकानंद की विवेक वाणी, विवेकानंद की लघु कथाएं, विवेकानंद के जीवन पर आधारित निबंध एवं विवेकानंद के सपनों का भारत पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. संजय आयदे ने विवेकानंद के बारे में महत्वपूर्ण बातें बता कर बच्चों को प्रेरित किया। सुमित दास गुप्ता ने विवेकानंद पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। डॉ पंड्या ने समर्थ भारत पर्व का परिचय देकर इसका उद्देश्य बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य प्रियंवदा पांडेय एवं आभार प्रदर्शन डॉ उल्हास वारे सह संचालक छत्तीसगढ़ विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा बिलासपुर ने किया।



# संगति अच्छी हो तो हमेशा बनते जाते हैं काम : जया किशोरी

**मिनोचा कालोनी में चल रहा नानी बाई का मायरा व भजन कार्यक्रम**

**संगति अच्छी हो तो काम हमेशा बनते जाते हैं। जिनके आने से जीवन में यदि भक्ति, सत्संग बढ़ जाए तो समझ लें कि वह भगवान का भेजा है। शादी जीवन का सबसे बड़ा दिन होता है, इसलिए शादी होने वालों की इच्छा का ध्यान रखना चाहिए। उनको खुश रखना चाहिए ताकि वे लोग उस दिन को जीवन भर याद रखें। यह परिवार वालों की जिम्मेदारी है। नानी बाई की मायरा की कथा प्रेरणादायी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें कथा वाचिका एवं मोटिवेशनल स्पीकर जया किशोरी ने मिनोचा कालोनी में श्री प्रेम सेवा परिवार द्वारा आयोजित नानी बाई की मायरा की कथा पर प्रकाश डालते हुए कही। उन्होंने बताया कि भगवान ने नरसी मेहता को दर्शन देकर प्रसाद दिए। इस तरह भगवान श्रीकृष्ण दर्शन देने बहुत बार आए थे पर मायरे में धन जुड़ गया तो कथा बड़ी हो गई। उस समय एक रूपए बहुत बड़ी राशि होती थी और भगवान ने उनका 56 करोड़ का मायरा भर दिए।

उन्होंने बताया कि एक दिन नरसी की पत्नी का देहांत हो गया। इसके 10 वें दिन कुछ ब्राम्हणों या गांव के प्रतिष्ठित लोगों को बुला लेने की बात कही। हर समाज, मोहल्ले में कुछ ऐसे लोग होते हैं जो जीवन भर भले ही कुछ नहीं करेंगे पर दूसरों की गलती बताने खड़े हो जाते हैं। उनका काम नाराज होना व कमी निकालना रहता है। नरसी के साथ भी यही हुआ। पत्नी के काम में पूरे गांव के लोगों को नहीं बुलाने पर कई तरह की बात होने लगी। नरसी दिन भर भगवान को याद करते रहते थे। उन्होंने केदार का गाना-मारा हूंडी स्वीकारों महराज रे, सांवरा गिरधारी..गाने लगे। उन्होंने कहा कि भगवान असंभव काम को भी संभव बना देते हैं। ईश्वर की कृपा से काम हो जाते हैं। नरसी सोचने लगा कि गृहस्थ व्यक्ति परिवार में रहता है। धन कमाता है और उसमें से कुछ बचा कर रखते हैं। मेरे पास तो यह भी नहीं है। केदार के राग को पुकारे तो न आए यह तो हो ही नहीं सकता है। उनकी यह सोच सही निकला और भगवान ने उनका सहयोग भी किए। अंत में आरती कर कथा का समापन किया गया।

### सांवल सेठ के रूप में प्रकट हुए भगवान

नरसी मेहता ने हुंडी यानी उधार चुकाने के लिए गांव के दो लोगों को द्वारिका भेजा था और वहां सांवल सेठ द्वारा भुगतान करने की बात कही। भगवान श्रीकृष्ण नरसी की सहायता करने सावल सेठ का रूप बनाया और वहीं हिसाब-किताब का सामान लेकर बैठ गए। उन दोनों ने सावल सेठ को देख कर नरसी द्वारा भेजने की बात बताई तो सावल सेठ जो कि भगवान श्रीकृष्ण थे, ने पिछे हवेली से सात सौ रूपए की हुंडी दे दिए। हवेली के अंदर हजारों मुनीम बैठे काम कर रहे थे। किनके लिए काम करने की बात पूछने पर भगवान ने कहा कि वे सब नरसी मेहता के लिए काम करते हैं। मैं उनका सेवक हूं वे जो बोलते हैं हम लोग करते रहते हैं। वापस आकर गांव वालों ने नरसी के पैर पकड़ लिए और उनके सांवल सेठ नामक सेवक की तारीफ करने लगे। उनकी बात सुन कर नरसी रोते जाए। कहने लगा कि भगवान ने तो मेरी लाज रखी उन दोनों को तो उनका साक्षात दर्शन हो गया। संगत अच्छी हो तो काम बनते जाते हैं। जिनके आने से जीवन में यदि भक्ति, सत्संग बढ़ जाए तो समझ जाए कि वह भगवान का भेजा है।

### इन्होंने लिया आशीर्वाद

शनिवार की कथा में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शहर विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, विधायक अटल श्रीवास्तव, जयसिंह अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, विजय केशरवानी, प्रमोद नायक, पूर्व विधायक रश्मि सिंह, सजन अग्रवाल, सुरेश मुरारका, विमल, अनिल अग्रवाल सहित अन्य लोगों ने कथावाचिका जया किशोरी से आशीर्वाद लिया।

### आज होगा समापन

रविवार 11 जनवरी को नानी बाई की मायरा व भजन कार्यक्रम का समापन होगा। रविवार को भी कई विशिष्ट लोग कथा स्थल पहुंच कर कथावाचिका का आशीर्वाद लेंगे।

## नगर विधायक ने किया शिव मंदिर में जलाभिषेक



**बिलासपुर।** शहर में नगर विधायक अमर अग्रवाल के नेतृत्व में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' मनाया गया। विधायक ने जेल रोड स्थित शिव मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन कर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया एवं ओंकार मंत्र का जाप करते हुए क्षेत्रवासियों की सुख-शांति, समृद्धि एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की कामना की।

विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि यह भारत की आत्मा, आस्था और अस्मिता का प्रतीक है। जिन्होंने हमारी सनातन संस्कृति को मिटाने का प्रयास किया, वे इतिहास के गर्त में समा गए, लेकिन हमारी संस्कृति आज पहले से अधिक सशक्त होकर खड़ी है। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने और राष्ट्र के प्रति आत्मगौरव की भावना जागृत करने का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने शक्ति केंद्रों में स्थित शिव मंदिरों में जाकर भगवान शिव को जल अर्पित किया और सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, स्नेहलता शर्मा, चंदना गोस्वामी, महेश चंद्रिकापुरे, संजय यादव, नारायण गोस्वामी, जगदीश साहू, अमित तिवारी, नारायण तवरकर, रोशन सिंह, मोनू रजक, संजय गुप्ता, नीरज वर्मा, राहुल ताम्रकार, कविता वर्मा, रीना गोस्वामी, पूजा खत्री, सावित्री दुबे, अपराजिता सिंह, कुंतल, शरद यादव, दीपक सोनवानी, प्रहलाद दुसेजा, गोलू पिल्ले, करण पांडेय उपस्थित रहे।

## तारिक शारिक इलेवन की टीम फाइनल में, आज फाइनल

स्पोर्टर्स न्यूज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्व.उषा देवी भंडारी जी की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता सरकंडा स्थित खेल परिसर मैदान चल रही है, प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच योद्धा इलेवन और तारिक शारिक इलेवन के बीच खेला गया। योद्धा इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी योद्धा इलेवन की टीम 76 रन बनाकर आल आउट हो गई। योद्धा इलेवन की ओर से बल्लेबाज शीलू ने सार्वाधिक 34 रन बनाएं। तारिक शारिक की ओर से गेंदबाज अंश और आनंद ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 3- 3विकेट अर्जित किए। दूसरी पारी में 77 रनों का पीछा करने उतरी तारिक शारिक इलेवन ने 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।इस प्रकार तारिक शारिक इलेवन की टीम ने 5 विकेट से यह मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। केजीएफ इलेवन की ओर से सलामी बल्लेबाज निक्की ने सर्वाधिक 17 रन बनाए।कामाक्षी इलेवन की ओर से कप्तान दिलीप बिंझवा ने 4 विकेट अर्जित किए। उनके शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री गुरु खुशवंत साहब रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ल ने की भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस संपन्न कराया।



### पुलिस इलेवन ने जीता मैच

दूसरा मैच सद्भावना मैच के रूप में प्रेस इलेवन और पुलिस इलेवन के मध्य खेला गया इस मैच में नईदुनिया के संपादक सुनील गुप्ता अतिथि के रूप में शामिल हुए। पुलिस इलेवन इस मुकाबले में 14 रनों से विजयी रही। पुलिस इलेवन के खिलाड़ी इमरान को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### आज समापन में डिप्टी सीएम साव अभिनेत्री मानुषी होंगी शामिल





स्वर्गीय उषा देवी भंडारी की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता गौरवशाली तेरहवाँ वर्ष के फाइनल मुकाबले में मुख्य तिथि डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं बॉलीवुड अभिनेत्री मानुषी छिल्लर उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि मानुषी छिल्लर वर्ष 2017 की मिस वर्ल्ड रह चुकी हैं और भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया।

## सिंधी प्रीमियर में 24 मैच खेले गए




धीरा सिंधी प्रीमियर लीग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट का छठवे दिन प्रतियोगिता में रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक टूर्नामेंट में कुल 24 मुकाबले खेले जा चुके हैं। यह प्रतियोगिता आईपीएल प्लेऑफ पैटर्न पर आयोजित की जा रही है, जिसमें क्वालिफायर एवं एलिमिनेटर मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे अंतिम चरण में प्रतिस्पर्धा और भी रोचक हो गई है। प्रत्येक मैच से पूर्व राष्ट्रगान के साथ टॉस की प्रक्रिया संपन्न कराई जा रही है, जिससे आयोजन में अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को विशेष महत्व दिया जा रहा है। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने हेतु ऑरेंज कैप एवं पर्पल कैप प्रदान की जा रही है। जिनके विजेताओं को साइकिल पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं मैन ऑफ द सीरीज़ का पुरस्कार ई-बाइक रखा गया है। फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच को साइकिल प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु अनेक आकर्षक पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जा रहे हैं। मुकाबलों के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री टोकहन साहू, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी एवं मंडल अध्यक्ष राकेश लालवानी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### मित्रता निस्वार्थता, विश्वास और ईमानदारी की प्रतीकः आचार्य भूषण

**बेलतरा।** जायसवाल परिवार के निवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर व्यास पीठ से आचार्य भूषण कृष्ण महाराज सुदामा चरित्र की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि, सुदामा चरित्र की कहानी सच्ची दोस्ती, निस्वार्थ प्रेम और विनम्रता का प्रतीक है। गरीब ब्राह्मण सुदामा अपने बचपन के मित्र, द्वारका के राजा श्रीकृष्ण से मिलने जाते हैं, श्रीकृष्ण अपने मित्र के लिए कुछ न मांग पाने के संकोच को समझते हुए, उसके पास लाए पोहे को अमृत मानकर खाते हैं, और बदले में सुदामा को बिना बताए उनकी झोपड़ी की जगह आलीशान महल और धन-संपत्ति देकर विदा करते हैं। अर्थात सच्ची मित्रता का प्रतीक निस्वार्थ प्रेम, अटूट विश्वास, और सुख-दुख में साथ खड़ा रहना है। कथा रसपान करने संजय जायसवाल, धनंजय जायसवाल, प्रदीप जायसवाल,अनिष सोनी, प्रकाश जायसवाल, विनोद शर्मा, दयाशंकर, गंगासागर, गंगा विष्णु, शिव कुमार, चाणक्य दत्त, विजय सिंह राजपूत, राजकुमार राज, पुष्कर जायसवाल, तीरीथ राम यादव आदि मौजूद रहे।

### 44 बालिकाओं को प्रदान की गई निशुल्क सायकल

**तखतपुर।** सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोछ में कक्षा 9वीं की 44 बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। साथ ही 14.93 लाख की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त मां सरस्वती कक्ष का पूजन-अर्जन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कमल कश्यप, शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष गौरहा, प्रेमलाल सिंगरौल, देवा सिंगरौल सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत चितावर,ओंकार सिंगरौल सरपंच गिरधौना,जयप्रकाश सिंगरौल, शिव कुमार ध्रुव, बदन नवरंग, सुनीता विश्वाश, सुखदेव सिंगरौल, कौशल साहू, हरिराम सिंगरौल, विनीता सिंहा प्राचार्य, जसिंता कुजूर, श्रीदेवी, विभा तिवारी, आदित्य चौहान, रविंद खूंटे, याचना सिंगरौल उपस्थित रहे।

### मोहभट्ठा महादेव मंदिर में किया गया जलाभिषेक



**बोदरी।** गजनवी साम्राज्य के शासक महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया था। यह एक हिंसक और बर्बर प्रयास था, फिर भी 1000 साल बाद आज भी सोमनाथ मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। इसके उपलक्ष्य में मोहभट्ठा महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष पुनीता डहरिया, मंडल उपाध्यक्ष भाजपा विश्वशम मानिकपुरी, मंडल मंत्री धनेश्वरी डहरिया, रागिनी डहरिया सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## निधन

### अम्बिका प्रसाद पांडेय



**बिलासपुर।** जबड़ापारा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक, अम्बिका प्रसाद पांडेय का 10 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 11 जनवरी को सुबह 10.30 बजे उनके निवास जबड़ापारा से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे आनंद पांडेय, अशोक पांडेय व माधुरी पांडेय के पिता थे।

### गोपाल प्रसाद यादव



**बिलासपुर।** डिपरापारा निवासी पूर्व पार्षद गोपाल प्रसाद यादव का निधन हो गया। वे 93 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 10 जनवरी को दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया । वे स्व. कौशल, सुरेश, ललिता यादव के पिता एवं चंद्रिका प्रसाद,चंद्रशेखर एवं लक्ष्मी यादव के भाई थे ।

## राशन नहीं मिलने से मांग कर पेट भरने को मजबूर

# महिलाओं को मृत घोषित कर काटा गया राशन कार्ड से नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है, जहां दो बुजुर्ग महिलाओं को ऑनलाइन रिकॉर्ड में मृत घोषित कर दिया गया, जिससे उनका नाम राशन कार्ड से कट गया। ऐसे में अब उन्हें राशन का आवंटन नहीं किया जा रहा है। 70 वर्षीय बैगा आदिवासी महिला सहबीन बैगा एवं सूरजबाई का नाम राशन कार्ड से कट जाने के कारण इन्हें राशन नहीं मिल रहा है, क्योंकि सरकारी रिकॉर्ड में इन्हें मृत मान लिया गया है। खुड़िया इलाके की रहने वाली बैगा आदिवासी महिला सहबीन को पिछले 4 महीने का राशन नहीं मिला है, जिससे महिला चावल मांग कर पेट भरने को मजबूर हो गई है। महिला पिछले तीन-चार महीनों से अपने राशन कार्ड को लेकर भटक रही है। इस बात की जानकारी उसने सरपंच सचिव और राशन संचालक को भी दी, लेकिन मामले का कोई निराकरण नहीं हो पाया है। महिला अत्यधिक परेशान है और उसे चावल नहीं मिलने की वजह से उसके सामने खाने की समस्या भी उत्पन्न हो गई है।

प्रशासन ने उपलब्ध कराया अनाज- मौके पर पहुंच कर मीडिया टीम ने बात की तो महिला ने बताया कि, उसे मृत मान लिया गया है। इस वजह से उसे चावल का वितरण नहीं होता। उसने इस बात की जानकारी सरपंच सचिव और राशन के संचालक को भी दी, लेकिन किसी तरह का कोई विकल्प नहीं निकला गया। इस बात की जानकारी जब प्रशासन को मिला तो आनन-फानन में प्रशासन की टीम ने तत्काल महिला आदिवासी के घर दो बोरी चावल और नमक पहुंचाया। ऐसा एक मामला लोरमी विधानसभा के बंधवा गांव का है, जहां बुजुर्ग महिला सूरजबाई को ऑनलाइन रिकॉर्ड में मृत घोषित किया गया है, और उस महिला को राशन का आवंटन नहीं हो रहा है। इस महिला ने भी इस बात की जानकारी सरपंच सचिव को दी है लेकिन अब तक उस महिला को राशन नहीं मिल पाया है।



### राशन दुकान में कोई रिकॉर्ड नहीं

ऑनलाइन कागज में महिला को मृत लिखा हुआ है, इस वजह से राशन दुकान संचालक के पास इनका कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। इस कारण कारण इन्हें राशन नहीं दे मिल पा रहा है। वहीं ऑनलाइन चेक करने पर उनके रिकॉर्ड में मृत दिखा रहा है। बुजुर्ग आदिवासी महिला को राशन के साथ वृद्धा पेंशन भी नहीं मिल पा रही है, जिससे इसके सामने रोजी-रोटी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

### बेटियों को भी किसी योजना का लाभ नहीं

बुजुर्ग आदिवासी महिला की दो बेटियां हैं, जिसमें एक विधवा है। उसे ना तो विधवा पेंशन का लाभ मिल रहा है, और ना ही महतारी वंदन योजना का। वहीं दूसरी बेटी को भी महतारी वंदन योजना का हितग्राही नहीं बनाया गया है। एक तरफ सरकार बैगा आदिवासियों के उत्थान और उनके विकास की बात करती है और तमाम योजनाएं लाती है, लेकिन वनांचल इलाकों में बैगा आदिवासियों की स्थिति आज भी वैसी ही बनी हुई है। उनकी समस्याओं को देखने वाला कोई नहीं है।

### कार्रवाई की जा रही है

मामले को संज्ञान में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है, खुड़िया की महिला को राशन प्रारंभ हो गया है, दूसरी बंधवा की महिला की जल्द कार्यवाही होगी।

\- **अजीत पुजारी**, एसडीएम

## देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम चलाएगी कांग्रेसः शैलेश



**पेंड्रा।** बिलासपुर के पूर्व कांग्रेस विधायक शैलेश पांडे और पाली-तानाखार के पूर्व विधायक मोहित केरकेट्टा ने पेंड्रा में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मनरेगा को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस मनरेगा और तथाकथित वीबीजी-रामजी एक्ट के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि, पार्टी 11 जनवरी से 25 फरवरी तक देशव्यापी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' चलाएगी। आंदोलन की शुरुआत 11 जनवरी को महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास से की जाएगी। कांग्रेस का आरोप है कि नए कानून के जरिए रोजगार का अधिकार खत्म किया जा रहा है, और पंचायतों की भूमिका को कमजोर किया जा रहा है। पूर्व विधायक शैलेश पांडे और मोहित केरकेट्टा ने कहा कि, अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 से जुड़े अधिकार आधारित कानून के रूप में लागू था, लेकिन नए फ्रेमवर्क में इसे एक शर्तों वाली, केंद्र नियंत्रित योजना में बदला जा रहा है। इससे ग्रामीण मजदूरों को समय पर काम और भुगतान मिलने में गंभीर दिक्कतें आएंगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि, नए एक्ट से मनरेगा के तहत काम, मजदूरी और योजना निर्माण का अधिकार गांव और पंचायत स्तर से छीनकर केंद्र के नियंत्रण में लाया जा रहा है। इससे ग्राम स्वराज, विकेंद्रीकृत विकास और काम की गरिमा की अवधारणा को गहरा आघात पहुंचेगा। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि मनरेगा की वित्तीय संरचना बदलकर केंद्र सरकार राज्यों पर अतिरिक्त बोझ डाल रही है। पहले जहां केंद्र की हिस्सेदारी अधिक थी, अब 60:40 के अनुपात में खर्च वहन करने की व्यवस्था की जा रही है, जिससे कमजोर वित्तीय स्थिति वाले राज्यों के लिए योजना चलाना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि इससे आने वाले समय में मनरेगा धीरे-धीरे समाप्त हो सकती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मरवाही के पूर्व विधायक डॉ केके ध्रुव सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा रही है, और कोविड-19 जैसे संकट के समय इसने बड़ी भूमिका निभाई। कांग्रेस का आरोप है कि 100 से 125 दिन रोजगार की बात महज दिखावा है, जबकि पिछले 11 वर्षों में राष्ट्रीय औसत महज 38 दिन का ही रोजगार दिया गया है।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गजमती भानु, आदिवासी कांग्रेस की राष्ट्रीय संयोजक अर्चना पोर्ते, कोटा विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, कांग्रेस महामंत्री पुष्पराज सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी ओमप्रकाश बंका, शंकर कंवर, पूर्व एल्डरमैन मदन सोनी, पवन केसरवानी, श्रीकांत मिश्रा, मनीष दुबे, रियांश सोनी सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

## किसान मोर्चा कार्यसमिति में सीपत को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा की नई संगठनात्मक सूची जारी की गई, जिसमें मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र को विशेष महत्व दिया गया है। गुरुवार देर शाम प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की सूची जारी की, जिसमें मस्तूरी विधानसभा से जुड़े चार वरिष्ठ और सक्रिय नेताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

सूची के अनुसार, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रदेश किसान मोर्चा सह कोषाध्यक्ष बीपी सिंह को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं सीपत मंडल के किसान नेता रविश गुप्ता और धरम भार्गव को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व प्रदेश किसान मोर्चा महामंत्री द्वारिकेश पांडेय को स्थाई आमंत्रित सदस्य की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों से मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा की संगठनात्मक पकड़ और मजबूती और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन का मानना है कि यह दायित्व मस्तूरी क्षेत्र में किसान मोर्चा की सक्रियता, निरंतर संघर्ष और किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर मजबूत पकड़ का परिणाम हैं।

## उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा

संकुल कन्या बिल्हा के तत्वावधान में जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत बिल्हा अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे, पार्षद मोहन ढोरिया एवं सहायक विखं शिक्षा अधिकारी सुनीता ध्रुव अतिथि के रूप में शामिल हुए।

नगर पंचायत अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि, शिक्षक समाज का दर्पण होते हैं, और पदोन्नति के साथ उनकी जिम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से समाज के नवनिर्माण के लिए एकजुट होकर बेहतर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले पदोन्नति प्राप्त प्राचार्य व शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में आत्मानंद बिल्हा के प्राचार्य चंद्रभान सिंह ठाकुर, सूरजमल उमा बिल्हा की प्राचार्य संगीता कुशवाहा तथा शासकीय उमा विद्यालय अमलडीहा के प्राचार्य जोसेफ खलखो शामिल रहे। इसके साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला बोदरी की प्रधान पाठक राजकुमारी कुर्रे और शासकीय प्राथमिक शाला मोहभट्ठा के सहायक शिक्षक धर्मेंद्र ठाकुर को भी उनकी विशिष्ट सेवाओं और पदोन्नति के लिए अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में बेदराम साहू प्रधान पाठक भटगांव, डॉ डी एन यादव सीएसी हरदीकला, राकेश शुक्ला सीएसी दगौरी, एमएम मिंज, देवेंद्र शुक्ला, मुरारी कौशिक, अश्वनी कौशिक, साधराम मरकाम, रेखा गायकवाड़, रेखा साय, मीना डहरिया, उपेंद्र एलन, संकुल के समस्त शिक्षक और नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन केशव वर्मा सीएसी कन्या बिल्हा एवं आभार व्यक्त कलेश्वर साहू ने किया।




### पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर 1 की मौत, 1 की हालत गंभीर

**मुंगेली।** दशरंगपुर नहर के पास शनिवार शाम करीब 7.30 बजे पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मुंगेली में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धान की बोरियों से भरा तेज रफ्तार पिकअप सीजी 28 पी 7375 ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन को जब्त कर थाने में रखा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## सड़क निर्माण को लेकर व्यापारियों एवं अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



लोरमी कॉलेज से खामही तक फोरलेन सड़क निर्माण की स्वीकृत होने से हर्ष व्याप्त है। इसके लिए लोगों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। लेकिन जैसे ही ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराया, उसको देखते हुए मुख्य मार्ग के व्यापारियों एवं नागरिकों में असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई। इसी क्रम में रवि शर्मा ने समस्त व्यापारी एवं प्रतिनिधि मंडल के साथ संबंधित अधिकारियों की रेस्ट हाउस में बैठक की, जिसमें सर्वसम्मति से व्यापारियों ने अपनी मांगें रखी। व्यापारियों में मांग करते हुए कहा कि, सड़क की ऊंचाई यथावत रखी जाए, एक इंच भी ऊपर ना हो, क्योंकि लगभग सभी मकान 30-35 साल पूर्व बने हुए हैं। ऐसे में सड़क ऊपर उठने से बहुत बड़ी समस्या आएगी उत्पन्न हो जाएगी। साथ ही सड़क को खोदकर बनाने, नाली की ऊंचाई कम करने, सड़क की कुल चौड़ाई कुल 60 फिट करने व बीच से 30-30 फीट दोनों साइड बनाने की भी मांग की गई।

साथ ही डिवाइडर चौड़ाई मात्र एक फिट ऊंचाई दो फीट रखने जैसी इन्हीं मांगों को लेकर सर्वसम्मति से अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि, आपकी मांग को उच्च अधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा, जो निर्णय होगा ऊपर से ही होगा। व्यापारियों का कहना है कि, हमारी शर्त के हिसाब से ही कार्य हो इसके लिए आगामी बैठक बहुत जल्द रखी जाएगी। यदि अधिकारी हमारी मांगें पूरी नहीं करते तो बहुत जल्द उप मुख्यमंत्री अरुण साव के संज्ञान में लाया जाएगा।

उक्त बैठक में निम्न लोग रवि शर्मा, निरंजन अग्रवाल, राजेंद्र तिवारी ,विश्वास दुबे ,नरेंद्र खत्री, खेतमल खत्री, दुष्यंत खत्री, अशोक जायसवाल ,राजू ताम्रकार ,मुकेश सपरिया,अशोक खत्री,महेंद्र खत्री ,शैलेंद्र सलूजा, पवन खत्री, रवि गुप्ता, राजू दुबे ,डॉक्टर मजूमदार, सौरभ जयसवाल, विजय खत्री, विनय केसरवानी, देव कुमार गुप्ता, नंदलाल राजपूत ,मनमोहन दास वैष्णव, नंद किशोर अग्रवाल, बनवारी लाल अग्रवाल, पवन गोयल, मिंटू नितेश अग्रवाल, जयप्रकाश अग्रवाल, सोहन डड़सेना, रिक्की सलूजा, शैलेंद्र अग्रवाल, पत्रकार सौरभ दुबे, अश्वनी अग्रवाल, नगर पालिका इंजीनियर, सीएमओ चंदन शर्मा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ प्रवीण शुक्ला एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


## परमेश्वरी महोत्सव में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**मुंगेली।** देवांगन समाज के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। महोत्सव को लेकर नगर में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। महोत्सव के छठवें दिन माता परमेश्वरी की विधि-विधान से भव्य आरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



महोत्सव के छठवें दिन पंडाल परिसर में डॉ शुभम देवांगन के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लगभग 80 से 90 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान किया गया। डॉ शुभम देवांगन ने बताया कि, बढ़ती मोबाइल लत के कारण हो रही नेत्र संबंधी समस्याओं से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शिविर में नेत्र जांच के साथ-साथ अन्य बीमारियों की भी जांच कर निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उनके सहयोगी चिकित्साकर्मी भी उपस्थित रहे। इस दौरान विवेकानंद वार्ड की पार्षद अर्चना सत्तू देवांगन ने कहा कि, ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और आपसी समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने समाज के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए पार्षद निधि से 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर सत्येंद्र सत्तू देवांगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान श्रीनिधि देवांगन ने 'शंकर चौरा रे' गीत की सुमधुर प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीनिधि, देवांगन समाज के सचिव सुदामा देवांगन की सुपुत्री हैं। समाज के जिला अध्यक्ष आनंद देवांगन अधिवक्ता ने कहा कि, इतनी कम उम्र में मंच पर निर्भीक होकर उत्कृष्ट प्रस्तुति देना गर्व की बात है। महोत्सव के दौरान व्यापार मेला समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी माता के दर्शन के लिए पहुंचे और नगर की सुख–शांति व समृद्धि की कामना की।

## भाजपाइयों ने की मनकेश्वर महादेव, खेमगीर बाबा की पूजा



**मुंगेली।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर शनिवार को भाजपा मुंगेली के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के नेतृत्व में शंकर मंदिर मल्हापारा स्थिति मनकेश्वर महादेव और खेमगीर बाबा की पूजा-अर्चना की। ज्ञात हो कि, केंद्रीय नेतृत्व की ओर से 11 जनवरी से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वर्ष भर शिवालय और शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना और भक्ति की जाएगी एवं मंदिरों की सेवा की जाएगी। सोमनाथ मंदिर 1000 वर्ष के उतार-चढ़ाव के बावजूद आज भी अपनी भव्यता और गौरव के साथ खड़ा है। यह सोमनाथ को उसके वैभव में फिर से स्थापित करने के निरंतर एवं सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। सेवा के इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, राणा प्रताप सिंह, द्वारिका जायसवाल, मोहन मल्लाह, आशीष मिश्रा, जयपाल साहू, मन्नू श्रीवास्तव, शैलू यादव, शैलू तिवारी, पार्षद निमेष देवांगन, जितेन्द्र साहू, अमितेश आर्य, महेन्द्र पारख, डोमन दीक्षित, रमेश बुनकर, होरी सोनकर, बब्बू सिंह, कोटू दादवानी, सुरेश पाण्डेय, प्रवीण सोनी, कमलेश चौहान, लवलेश सिंह, शंकर देवांगन, संतोष लखवानी, शंकर यादव, सुनील सोनी, भरत पाटकर एवं वासु देवांगन आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।


### आम सूचना

मैं, अंजू अग्रवाल, प्रो. श्री राम गोल्डन ग्रेन, ग्राम झाल, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 128/3, 135 एवं 136, जो कि बिल्हा–बरतोरी मार्ग पर स्थित है, की स्वामिनी हूँ।

उक्त भूमि में से खसरा नंबर 128/3 दिनांक 12/01/2024 को श्री राकेश जैसवानी से क्रय किया गया है। खसरा नंबर 135 दिनांक 31/03/2024 एवं खसरा नंबर 136 दिनांक 25/09/2023 को श्री बहादुर सिंह राजपाल से क्रय किया गया है। उक्त भूमि की पूर्व स्वामी की मूल रजिस्ट्री वर्ष 2025 में बिल्हा में कहीं गुम हो गई जिसकी तफ़सील इस प्रकार है:

ग्राम – झाल, तहसील – बिल्हा, जिला – बिलासपुर (छ.ग.), कुल रकबा – 1.675 एकड़, उत्तर में – बिल्हा से बरतोरी जाने वाली पक्की सड़क, पूर्व में – अमृतबाई की भूमि, पश्चिम में – भरतराम आदि की भूमि, दक्षिण में – अनीश कुमार कौशिक की भूमि। पूर्व स्वामी की रजिस्ट्री गुम हो जाने के कारण यह सूचना प्रकाशित की जा रही है, ताकि उक्त संपत्ति को बैंक में बंधक रखकर ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके।

**अंजू अग्रवाल**
**प्रो. श्री राम गोल्डन ग्रेन**
**खसरा नंबर 128/3, 135, 136**
**ग्राम झाल, तहसील बिल्हा,**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

सूचित किया जाता है की हमारी भागीदारी फर्म खुशी इंटरप्राइजेज, बिलासपुर (छ.ग.), भागीदारी विलेख 16 फ़रवरी 2023 द्वारा स्थापित की गयी थी। उक्त फर्म में निम्न दो भागीदार है :-

01-नितिन कुमार त्रिपाठी
02- सैयद इमरान आलम

उक्त फर्म का संशोधन दिनांक 01 अक्टूबर 2025 को करने उपरांत श्री चिरंजीव शर्मा फर्म में 50% हिस्सेदारी के साथ प्रवेश कर रहे है, इस प्रकार फर्म में संशोधन उपरांत निम्न तीन भागीदार रहेंगे:-

01-नितिन कुमार त्रिपाठी
02- सैयद इमरान आलम
03- चिरंजीव शर्मा

यह सूचना भारतीय भागीदारी अधिनियम 1932 के अधीन दी जा रही है।

**भवदीय**
**नितिन कुमार त्रिपाठी**
**(भागीदार)**
**मो. 98271 64607**

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता है कि फ्लैट स्वामी अरुण कुमार आठले पिता एस.एल. आठले निवासी अजीत अपार्टमेंट तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के स्वत्व अधिपत्य व कब्जे की फ्लेट मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.36 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर परिवर्तित शीट नं. 11/6 प्लॉट नं. 461 खसरा नं. 248 गीता कंस्ट्रक्शन 'अजीत अपार्टमेंट फेस 02' के प्रथम तल पर निर्मित फ्लैट नं 106 क्षेत्रफल 730 वर्गफुट को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा की गई है। इस सौदे से जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय निकाय, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर मय दस्तावेज लिखित आपत्ति दर्ज करें। 07 दिवस के पश्चात की आपत्ति मान्य नहीं होगी व मेरा पक्षकार अपने पक्ष में पंजीयन निष्पादन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।
दिनांक -10.01.2026

**भवदीय**
**ललित विश्वकर्मा**
**(अधिवक्ता)**
**दयालबंद बिलासपुर छ.ग.**
**मो.नं.-9340363261, 9302050955**

### उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मैं श्वेता कौशिक, पिता श्री नारायण कौशिक निवासी वार्ड न. 09, यातायात नगर, परसदा, थाना चकरभाठा बिलासपुर, तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) की निवासी हूँ। मेरे कक्षा 10th, 12th, BS.c, M.A., PGDCA के अंकसूची सह-प्रमाण पत्र में मेरा, पिता, माता का उपनाम (Surname) नहीं दर्ज है जिसमे मेरा नाम श्वेता पिता श्री नारायण एवं माता श्रीमती रेवती लिखा हुआ है, जो कि अपूर्ण/अधूरा है, जबकि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र कक्षा 5th, 8th व एवं जन्म प्रमाण पत्र एवं परिचय पत्र, आधार कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र में मेरा नाम श्वेता कौशिक, पिता श्री नारायण कौशिक, माता श्रीमती रेवती कौशिक दर्ज है जो सत्य एवं सही है। मैं अपने नाम के साथ उपनाम कौशिक जोड़वाना चाहती हूं।

अत: अब से मुझे श्वेता कौशिक, पिता श्री नारायण कौशिक, माता श्रीमती रेवती कौशिक के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा एवं दर्ज किया जावे। जो मेरे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, अभिलेखों, दस्तावेजों, में वास्तविक नाम दर्ज कराने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दी हूँ।

श्वेता कौशिक, यातायात नगर,परसदा
जिला बिलासपुर (छ.ग).

### न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202507071800001/अ-12
पेशी दिनाँक 09.02.2026

मोतीलाल यादव आत्मज श्यामलाल यादव, निवासी दर्रीपारा रतपुर, तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर .........पुनरीक्षणकर्ता

विरुद्ध

श्रीमती घसनीन साहू पति नारायण साहू निवासी तिफरा बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग.
.......उत्तरवादी

उपरोक्त प्रकरण में पुनरीक्षणकर्ता श्री मोतीलाल यादव आत्मज श्यामलाल यादव निवासी दर्रीपारा रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय तहसीलदार रतनपुर के प्रकरण क्रमांक 202505072300079/अ-12 पक्षकार घसनीन साहू बनाम छ.ग. शासन में पारित आदेश दिनाँक 13.05.2025 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के अंतर्गत अपील प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनाँक 09.02.2026 को नियत है। अत: उत्तरवादी श्रीमती घसनीन साहू पति नारायण साहू निवासी तिफरा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनाँक 09.02.2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनाँक 05 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

अतिरिक्त कलेक्टर बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### प्रवेश समस्या के चलते दो माह पहले शुरू हो गए सीयूईटी के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में यूजी-पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम सीयूईटी का आयोजन किया जाता है। हर साल यह एग्जाम काफी विलंब से होता था, जिसके चलते यूनिवर्सिटी, कालेजों में प्रवेश को लेकर समस्या आती थी। इसलिए इस बार सीयूईटी का फार्म करीब दो माह पहले ही भराना शुरू हो गया है। बारहवीं उत्तीर्ण करने वाले बहुत से छात्र-छात्राएं सीयूईटी रिजल्ट का इंतजार करते रहते हैं और सीयूईटी आधार पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश पाने का रास्ता देखते रहते हैं, जिसके चलते स्टेट छात्र स्टेट यूनिवर्सिटी और कालेजों में प्रवेश नहीं लेते और सीटें खाली रहती है। इसलिए सीयूईटी एग्जाम पहले कराने की मांग उठती रही है। इसलिए इस बार एनटीए ने सीयूईटी आनलाइन आवेदन प्रक्रिया का कार्यक्रम करीब दो माह पहले ही जारी कर दिया है, क्योंकि पहले मार्च-अप्रैल में फार्म भराया जाता था और उसके बाद एग्जाम एवं रिजल्ट घोषित होता था। सीयूईटी के तहत जब तक प्रवेश कार्यक्रम आता था तब तक अन्य यूनिवर्सिटी, कालेजों में प्रवेश की तिथि आधा निकल जाती थी। इन सब बातों के मद्देनजर इस बार एनटीए ने सीयूईटी यूजी-पीजी के लिए फार्म भराना शुरू कर दिया है। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में भी सीयूईटी के आधार पर यूजी व पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश दिया जाता है। इसलिए यूनिवर्सिटी ने भी अपने यहां के विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन सीयूईटी फार्म भरने कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसी तरह पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए 14 दिसंबर से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई है और 14 जनवरी आवेदन की अंतिम तिथि है।

### बिलासा कन्या महाविद्यालय में कैरियर काउंसिलिंग पर सेमीनार

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय में 9 जनवरी को कैरियर काउंसिलिंग सेल के तत्वावधान में ग्रेजुएट एम्पलाइबिलीटी एनहैंसमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फ़ॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रमुख विकास पाण्डेय ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने बैंकिंग सेक्टर में उपलब्ध रोजगार के अवसरों तथा एक्सिस बैंक एवं एचडीएफसी बैंक में होने वाली भर्ती परीक्षाओं के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रतिनिधि सुश्री एस. दिव्या ने ट्रेनिंग प्रोग्राम की चयन प्रक्रिया के लिए छात्राओं की ऑनलाइन परीक्षा संपन्न कराई एवं 22 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नाइसटेक के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एस. आर. कमलेश के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण ठाकुर ने किया।

छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थल के विकास की दिशा में चल रहा प्रयास

# भोरमदेव के बाद चित्रकूट व रतनपुर महामाया कारिडोर को जल्द मिलेगी स्वीकृतिः अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल का कहना है कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन स्थलों का विस्तार करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सकें। उन्होंने बताया कि भोरमदेव कारिडोर का काम शुरू हो गया है और उसके बाद चित्रकूट एवं मां महामाया देवी रतनपुर पर्यटन क्षेत्र का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को गया है जिसे जल्द से जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल शनिवार को बिलासपुर पहुंचे थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के विस्तार के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के भोरमदेव पर्यटन स्थल को विकसित करने का काम शुरू हो गया है, उसके बाद चित्रकूट पर्यटन स्थल और मां महामाया पर्यटन स्थल के विकास लिए प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास गया है।



महामाया मंदिर रतनपुर कारिडोर के लिए यहां के सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं अन्य भाजपा के विधायक भी प्रयासरत हैं और जल्द ही केन्द्र से स्वीकृति मिलने के बाद कारिडोर बनेगा। मंत्री श्री अग्रवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार से पर्यटन के क्षेत्र में भरपूर सहयोग मिल रहा है और आगे शिरपुर व चंपारण पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए केन्द्र को प्रस्ताव भेजेंगे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पग-पग में पर्यटन स्थल है इसलिए बाहर के पर्यटकों को यहां लाना है। इसके लिए पहले रायपुर और आसपास के पर्यटन स्थल का विकास कर रहे हैं, उसके बाद बिलासपुर एवं सरगुजा क्षेत्र के पर्यटन स्थलों का विकास करेंगे। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तार से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। बिलासपुर एयरपोर्ट का विस्तार चल रहा है और सरगुजा एयरपोर्ट विस्तार के लिए भी प्रयास करेंगे। मनरेगा के बदले जी-राम-जी योजना का कांग्रेस द्वारा विरोध के सवाल पर मंत्री श्री अग्रवाल का कहना है कि कांग्रेसी हर काम का विरोध करते हैं। राम मंदिर का, कश्मीर से धारा 370 हटाने का विरोध किए और अब जी-राम-जी का विरोध कर हैं, किन्तु जनता ने कांग्रेस पर विश्वास करना छोड़ दिया है। यह जन-जन की स्कीम है और विकसित भारत बनाने जा रहे हैं, जिसके लिए यह स्कीम लाया गया है।

## केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने ट्रायसायकल का किया वितरण




**बिलासपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में भारत सरकार एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड (बैटरी चालित) ट्राइसाइकिल, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "दिव्यांगजन सशक्तिकरण", "सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास" के विज़न के अनुरूप सरकार दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सशक्त और सम्मानजनक जीवन प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। श्री साहू ने बताया कि बिलासपुर में "प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र (पीएमडीके)" की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। श्री साहू ने श्री जगद्गुरु रामानंद आचार्य की जयंती पर रतनपुर में आयोजित भव्य धार्मिक–सांस्कृतिक आयोजन एवं विराट संत सम्मेलन में सहभागिता की। साथ ही श्री साहू बिलासपुर की मिनोचा कॉलोनी में आयोजित कथा वाचक सुश्री जया किशोरी द्वारा प्रस्तुत "नानी बाई का मायरा" तीन दिवसीय कथा महोत्सव में भी शामिल हुए।

## मनरेगा में काम की गारंटी की जगह 125 दिनों का कार्य केवल शिगूफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का कहना है कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा मनरेगा की जगह एक मिशन लाया गया है। मनरेगा में काम की गारंटी थी जबकि जी-राम-जी में काम की गारंटी नहीं है और उसका नाम भी बदलकर मिशन कर दिया गया है। इसलिए इससे लोग पलायन के लिए मजबूर होंगे।



कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संघर्ष के तहत कांग्रेस भवन में शनिवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीना है। उन्होंने 100 दिनों से 125 दिनों के काम के दावे को केवल शिगूफा बताया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से लगभग 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से काम नहीं दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर पिछले 11 वर्षो में मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मनरेगा तहत औसतन सिर्फ 38 दिन का ही काम मिला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 100 दिन का काम कभी दिया ही नहीं गया तो 125 दिन का दावा किस आधार पर किया जा रहा है। सिंहदेव ने कहा कि मनरेगा मजदूरों का कानूनी अधिकार था जिसे पूरी तरह केन्द्र सरकार की मर्जी पर निर्भर होगी। इससे मजदूरों का अधिकार खत्म होकर उनकी स्थिति सरकार की कृपा पर टिक जाएगी। श्री सिंहदेव ने कहा कि वीबी जी राम जी में कहीं भी भगवान राम नहीं है। यह सिर्फ एक फूल फार्म है विकसित भारत गारंटी फार रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण है। उन्होंने बताया कि पहले मनरेगा में हर परिवार को न्यूनतम 100 दिन के काम की कानूनी गारंटी थी, पूरे साल मांग की जा सकती थी। कानूनी न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित थी और ग्राम पंचायत के माध्यम से अपने ही गांव में रोजगार मिलता था।

मजदूरी का पूरा भुगतान केन्द्र सरकार करती थी, जिससे राज्य सरकारों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता था। लेकिन नए जी राम जी मॉडल में मजदूरों की कानूनी गारंटी खत्म कर दी गई है। काम केवल केन्द्र द्वारा चुने गए गांवों में मिलेगा और फसल कटाई के समय काम नहीं दिया जाएगा। राज्य सरकारों को मजदूरी का 40 प्रतिशत हिस्सा खुद उठाना होगा। ऐसे में खर्च बचाने के लिए मजदूरों को काम न दिए जाने की पूरी आशंका है।

## सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ करेगा आंदोलन 20 को

**बिलासपुर।** कोयला खदानों से रिटायर हुए मजदूर अपनी समस्याओं को लेकर अब आरपार की लड़ाई लड़ेंगे। सेवानिवृत्त कोयला खदान मजदूर संघ ने अपनी मांगों को लेकर 20 जनवरी को बिलासपुर में बड़े आंदोलन का एलान किया है।

इस दिन शहर के दो बड़े कार्यालयों एसईसीएल मुख्यालय और सीएमपीएफ क्षेत्रीय कार्यालय के गेट के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मजदूरों का कहना है कि लंबे समय से उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है इसलिए अब वे अपने संगठन की शक्ति दिखाने के लिए सड़कों पर उतरेंगे।

राजीव विहार में हुई दो अहम बैठकों के बाद आंदोलन की पूरी रणनीति तैयार कर ली गई है। जोनल महामंत्री बुद्धि सागर शाही ने बताया कि 27 दिसंबर और 7 जनवरी को हुई बैठकों में सर्वसम्मति से धरने का फैसला लिया गया है। इस प्रदर्शन के बाद अधिकारियों को मांगपत्र भी सौंपा जाएगा। इन बैठकों की अध्यक्षता जोनल अध्यक्ष रामअवतार अलगमकर ने की। आंदोलन को धार देने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह और मंत्री शंकर प्रसाद कुंडु विशेष रूप से बिलासपुर पहुंचे थे। जोनल कोषाध्यक्ष योगेश कुमार केशर के साथ अरविंद शर्मा केसी महाराणा और प्रवीण कुमार राठौर जैसे पदाधिकारियों ने भी प्रदर्शन की तैयारियों का जायजा लिया। कार्यकारिणी सदस्य भक्तिमय चौधरी ने कहा कि यह लड़ाई मजदूरों के सम्मान और उनके न्यायसंगत अधिकारों के लिए है। सेवानिवृत्त मजदूरों में भारी नाराजगी है। आंदोलन की तैयारी में सारेन्द्र नाथ चटर्जी मदन कुमार नायडू भागीरथी साव और रामकुमार साहू जैसे सक्रिय सदस्य जुटे हुए हैं।

## विधायकों ने की सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति को हटाने की मांग

**बिलासपुर।** हिन्दी साहित्य के राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल द्वारा साहित्यकार को अपमानित कर बाहर निकाले जाने की घटना को लेकर कांग्रेस विधायक मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कुलपति को पद से हटाए जाने की मांग की है।



मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक चक्रवाल के आचरण को दुर्भाग्यपूर्ण और असवैधानिक बताया है। श्री लहरिया ने कहा कि कुलपति का यह व्यवहार साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों का अपमान है, जिससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। श्री दिलीप लहरिया ने केंद्र सरकार से कुलपति को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति अतिथि देवो भवः और बाबा गुरु घासीदास के संदेश मनखे मनखे एक समान की विचारधारा को स्थापित बनाए रखना आवश्यक है।

### साहित्य और संस्कृति के विपरीत कृत्यः देवेन्द्र

भिलाई नगर के कांग्रेसी विधायक देवेन्द्र यादव ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल द्वारा अमर्यादित आचरण के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि इस तरह का आचरण कुलपति जैसे गरिमामयी पद पर आसीन व्यक्तित्व के अनुकूल नहीं है। बाबा गुरु घासीदास जैसे गरिमामयी उच्च शिक्षण संस्थान एवं राज्य सरकार के साहित्य और संस्कृति के विपरीत कृत्य है। इसलिए कुलपति को पदमुक्त किए जाने की कार्रवाई की जाए। इस मामले को लेकर कांग्रेस के ही कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव भी राष्ट्रपति को पत्र लिखकर कुलपति आलोक चक्रवाल को पद से हटाने सहित उनके कार्यकाल के दौरान समस्त नियुक्तियों की जांच कराए जाने की मांग की है। इसका जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील पटेल, मयंक सिंह, गौतम, हिंमाशु राय ने समर्थन किया।



# जीवनशैली सुधारें, रहें सेहतमंद









### जोड़ों के दर्द में व्यायाम व जीवनशैली में बदलाव से मिलेगी राहत

सर्दियों का मौसम जहां एक ओर ठंडक और राहत लेकर आता है, वहीं दूसरी ओर यह जोड़ों के दर्द से पीड़ित लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बन जाता है। हर साल ठंड बढ़ते ही घुटनों, कमर, कंधों और अन्य जोड़ों में दर्द, जकड़न और सूजन की शिकायतें बढ़ जाती हैं। खासकर बुजुर्ग, गठिया (आर्थराइटिस) से पीड़ित मरीज और पुराने चोट या ऑपरेशन वाले लोगों को इस मौसम में अधिक दिक्कत होती है। सर्दियों में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ता है? ठंड के मौसम में तापमान गिरने से मांसपेशियों और लिगामेंट्स में जकड़न बढ़ जाती है। ठंड के कारण रक्त संचार थोड़ा धीमा हो जाता है, जिससे जोड़ों में अकड़न और दर्द महसूस होता है। इसके अलावा सर्दियों में लोग शारीरिक गतिविधि कम कर देते हैं, जिससे जोड़ों की लचीलापन घटता है और दर्द बढ़ सकता है। किन लोगों को अधिक खतरा रहता है? घुटने, कूल्हे या रीढ़ की हड्डी के गठिया के मरीज रूमेटॉइड आर्थराइटिस से पीड़ित लोग पुराने फ्रैक्चर या सर्जरी (जैसे जॉइंट रिप्लेसमेंट) वाले मरीज अधिक वजन वाले व्यक्ति बुजुर्ग लोग लक्षण क्या होते हैं? सुबह उठते समय जोड़ों में जकड़न चलने-फिरने में दर्द घुटनों या कमर में सूजनठंड लगने पर दर्द का बढ़ जाना। **बचाव के उपाय:** शरीर को गर्म रखें – ऊनी कपड़े पहनें, खासकर घुटनों और कमर को ढककर रखें। **नियमित व्यायाम करें:** हल्की स्ट्रेचिंग, वॉक और फिजियोथेरेपी एक्सरसाइज जोड़ों को सक्रिय रखती हैं। गर्म पानी से सिंकाई दर्द वाले जोड़ों पर गर्म पानी की थैली उपयोगी होती है। **संतुलित आहार लें** – कैल्शियम, विटामिन डी और प्रोटीन युक्त भोजन लें। **वजन नियंत्रित रखें** – अधिक वजन से घुटनों और कूल्हों पर दबाव बढ़ता है।



डॉ. राजीव साखुजा
ऑर्थोपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन

उपचार यदि दर्द हल्का है तो व्यायाम, गर्म सिंकाई और जीवनशैली में बदलाव से राहत मिल सकती है। लेकिन यदि दर्द लगातार बना रहे, सूजन बढ़े या चलना मुश्किल हो जाए तो ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ से परामर्श आवश्यक है। सही जांच के बाद दवाइयों, फिजियोथेरेपी या इंजेक्शन से इलाज किया जाता है। गंभीर मामलों में, जहां जोड़ अत्यधिक खराब हो चुका हो, जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी एक प्रभावी और सुरक्षित विकल्प है, जिससे मरीज फिर से दर्दमुक्त जीवन जी सकता है। **निष्कर्ष:** सर्दियों में जोड़ों का दर्द आम समस्या है, लेकिन सही सावधानी, नियमित व्यायाम और समय पर उपचार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। दर्द को नजरअंदाज न करें, क्योंकि समय पर इलाज से भविष्य की जटिलताओं से बचा जा सकता है।

### स्वस्थ दांत के लिए अम्लीय पदार्थों के सेवन से बचें

दांतों की सुरक्षा के लिए दिन में दो बार फ्लोराइड टूथपेस्ट से मुलायम ब्रश से ब्रश करें, दिन में एक बार फ्लॉस करें, मीठे और अम्लीय खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें, कैल्शियम और विटामिन-डी युक्त आहार लें और नियमित रूप से डेंटिस्ट को दिखाएं, ताकि दांतों को स्वस्थ और मजबूत रखा जा सके। **आहार और जीवनशैली स्वस्थ आहार:** कैल्शियम (दूध, दही, पनीर), प्रोटीन (दालें, अंडे, मछली) और विटामिन (हरी सब्जियां, फल) युक्त भोजन खाएं। सीमित करें: मीठे खाद्य पदार्थ, पेय और अम्लीय (acidic) चीज़ों का सेवन कम करें। **धूम्रपान छोड़ें:** धूम्रपान से बचें या कम करें, क्योंकि यह दांतों और मसूड़ों को नुकसान पहुंचाता है। **पानी पिएं:** मुंह को साफ रखने और नमी बनाए रखने के लिए खूब पानी पिएं। **अन्य उपाय नियमित जांच:** हर 6 महीने या डेंटिस्ट की सलाह के अनुसार नियमित रूप से दांतों की जांच और सफाई करवाएं। **फ्लोराइड उपचार:** डेंटिस्ट से सीलेंट और फ्लोराइड ट्रीटमेंट के बारे में पूछें, जो दांतों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। **सनलाइट:** विटामिन-डी के लिए सुबह की धूप लें (15-20 मिनट)।




डॉ. रोहित दुबे
डेंटल सर्जन

### पूरी तरह सुरक्षित हैं डेंटल इंप्लांट

**डेंटल इंप्लांट:-** यह एक प्राकृतिक दांत की जड़ का काम करता है और हड्डी के साथ जुड़ जाता है, इसके ऊपर एक एबटमेंट (जोड़ने वाला हिस्सा) लगाकर एक क्राउन (नकली दांत) लगाया जाता है, जो आपके असली दांत जैसा दिखता है। फायदे (Benefits) प्राकृतिक दिखना और महसूस होना: ये प्राकृतिक दांतों जैसे ही दिखते और काम करते हैं। **मजबूती:** चबाने की शक्ति और कार्यक्षमता में सुधार होता है। **जबड़े की हड्डी का बचाव:** हड्डी के क्षरण (bone loss) को रोकता है। **आसपास के दांतों की सुरक्षा:** आस-पास के स्वस्थ दांतों को घिसने या नुकसान पहुँचाने से बचाता है। किसके लिए है? जिनके एक या एक से ज़्यादा दांत टूट गए हों या निकल गए हों। जो डेन्चर (नकली दांत) या ब्रिज से असंतुष्ट हैं। हमारे क्लिनिक में डेंटल इंप्लांट पूरी तरह से सर्जिकल गाइडेड स्टेंट के माध्यम से होता है।



डॉ. राकेश जायसवाल
वरिष्ठ डेंटल एवं इम्पालांट सेंटर

## खबर संक्षेप

### 634 यात्रियों से 3 लाख 74 हजार की वसूली

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने बिलासपुर से चांपा सेक्शन के बीच किलाबंदी विशेष टिकिट चेकिंग अभियान चलाकर 634 यात्रियों से 3 लाख 74 हजार रुपए की वसूली की है। रेल मंडल बिलासपुर ने बिना टिकिट के सफर करने वाले यात्रियों के खिलाफ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह और मंडल वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन व सहायक वाणिज्य प्रबंधक डीएस चौहान के नेतृत्व में किलाबंदी टिकिट चेकिंग अभियान बिलासपुर से चांपा सेक्शन के बीच चलाया। इस दौरान बिलासपुर से चांपा स्टेशन के बीच 25 ट्रेनों में व्यापक रूप से टिकिट जांच की गई, 634 यात्रियों से 3 लाख 74 हजार 700 रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया गया। इसमें बिना टिकिट के सफर करने वाले 418 यात्रियों से 2 लाख 86 हजार 65 रुपए, अनियमित टिकिट के 187 यात्रियों से 85 हजार 665 रुपए और बिना बुकिंग किए गए लगेज ले जाने वाले 29 यात्रियों से 2970 रुपए का जुर्माना शामिल है।

### युवक से मारपीट कर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, रामनगर अशोकनगर निवासी शत्रुहन उर्फ विनय साहू पिता रामलाल साहू 7 जनवरी को रात 9.30 बजे अपने दोस्त महेन्द्र प्रजापति से मिलने भूकंप अटल आवास गए थे। दोस्त से मिलने के बाद वह लौट रहा था। इसी दौरान विष्णु निर्मलकर एवं उसके साथी यहां कैसे आया कहकर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### युवती से अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में दोस्ती कर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, तोरवा क्षेत्र में रहने वाली एक युवती की वर्ष 2021 में सोशल मीडिया के माध्यम से 27 खोली निवासी निहाल निकुंज से दोस्ती हुई। दोनों मोबाइल में बातचीत करते रहे। इसी दौरान युवक,युवती को घुमाने के लिए सरकण्डा अपने दोस्त के किराए के मकान में लेकर गया और शादी करने का आश्वासन देकर शारारिक संबंध बनाया और वीडियो बनाकर रख लिया। उसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार संबंध बनाते रहा। युवती के दो माह के गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। इसके बाद शादी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### गुम बंदूक और कारतूस यात्री को सौंपा

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में यात्री का अचानक बंदूक और कारतूस गुम हो गया, जिसे खोजबीन करने के बाद आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने यात्री को वापस सुपुर्द कर दिया है। आरपीएफ प्रभारी नंद बहादुर ने बताया कि कौशांबी उत्तरप्रदेश निवासी विजय कुमार मिश्र पिता स्व. राधेश्याम मिश्र 60 साल बिलासपुर से रायगढ़ स्टेशन तक जाने रेलवे स्टेशन पहुंचा था। इस दौरान उनका पास रखा एक 12 बोर का बंदूक और 10 जिंदा कारतूस रखा बैग स्टेशन में गुम हो गया। इसकी सूचना मिलते ही आरपीएफ ने तत्काल जीआरपी को जानकारी दी।

5 पौधे लगाने और उसे बड़ा होने तक सेवा करने के नियम और शर्तें ननि एक्ट में है

# अपना आशियाना बनाने शर्तें मानी, इधर 80 हजार मकानों से हरियाली ही गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नगरीय निकाय सीमा क्षेत्र में अपना आशियाना बनाने के लिए लोग नियम और शर्तों का पालन करने की हामी तो भरते हैं, लेकिन अनुमति मिलते ही इसे भूल जाते हैं। मकान निर्माण की अनुमति देते समय लोगों को 5 पौधे लगाने और उसे बड़ा होने तक सेवा करने के नियम और शर्तें नगर निगम एक्ट में है, लेकिन अनुमति मिलने के बाद लोग पौधे लगाने की निर्धारित जगह तक नहीं छोड़ रहे हैं। यही कारण है कि निकाय क्षेत्रों में बनने वाले घरों और संस्थानों से हरियाली गायब होती जा रही।

■ शहर के कुल क्षेत्रफल का 10% ग्रीन बेल्ट होना चाहिए लेकिन ऐसा है नहीं

निगम अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग भी नहीं करते। हाल यह है कि बिलासपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में कुल 1 लाख 27 हजार मकान हैं। इन मकानों में 30 फीसदी मकान पुराने हैं और शेष पिछले 15 वर्षों में बने हैं। इन मकानों के लिए जारी की गई अनुज्ञा में 5 पौधे लगाने की शर्त शामिल है, लेकिन बिलासपुर के 80 हजार से अधिक मकानों से हरियाली गायब है।नगरीय निकाय क्षेत्रों में मकान निर्माण की अनुमति लेते समय लोग घर के सामने 10 फुट और घर के पीछे 5 फुट की खाली जगह छोड़ने का नक्शा पास कराते हैं। निगम एक्ट के तहत भवन अनुज्ञा जारी करते समय लोगों के लिए मकान बनाने के साथ घर में 5 पौधे लगाने और उनके पेड़ बनने तक सेवा करने के नियम शामिल हैं, ताकि निर्माण वाली जगह पर पौधे होने से पर्यावरण प्रदूषण को रोका जा सके।



## ग्रीन बेल्ट की जमीन पर तन गई कालोनियां

गौरतलब है कि बिलासपुर नगर निगम का कुल क्षेत्रफल 137 वर्ग किलोमीटर यानी कि 13000 हेक्टेयर है इस लिहाज से ग्रीन बेल्ट एरिया 1300 हेक्टेयर (3200 एकड़) होना चाहिए। शहर की कई कॉलोनियों में ग्रीन बेल्ट बनाया गया गया था, लेकिन बाद में बिल्डर कॉलोनाइजरों ने ग्रीन बेल्ट में कब्जा कर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया है। यानी मौके पर ग्रीन तो गायब है, सिर्फ बेल्ट ही रह गया है। निगम में जब 15 गांवों और 3 निकायों को शामिल किया गया तब दावा किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजोन बनाए जाएंगे, क्योंकि शहर में जगह का अभाव रहता है, लेकिन गांवों में ऑक्सीजोन बनाए जाने के लिए जमीन की कोई कमी नहीं है। दो साल में निगम ने किसी भी गांव में ऑक्सीजोन नहीं बनाया।

### आज तक एक भी जुर्माने की कार्रवाई नहीं

शहर के सरकारी भवनों और व्यावसायिक संस्थानों के भवनों में भी 5 पौधे लगाने के नियम का पालन नहीं हो रहा है। भवन अनुज्ञा के बाद लोग जमीन में खुदाई कर बेसमेंट पार्किंग बना रहे हैं, लेकिन पौधे लगाने के लिए जगह तक नहीं छोड़ रहे हैं। सरकारी भवनों में पहले लगे पौधे भी नष्ट होते जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि निगम के अधिकारी निर्माण के बाद पौधे लगाए गए हैं या नहीं यह देखने आज तक दफ्तरों से बाहर नहीं निकले हैं। अनुमति के बाद निगम को सिर्फ संपत्तिकर की वसूली से मतलब होता है। यही कारण है कि पौधे लगाने के नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ निगम ने आज तक एक भी जुर्माने की कार्रवाई नहीं की है।

### सिर्फ मास्टर प्लान में रह गया ग्रीनबेल्ट

देखा जाए तो शहर में तेजी से कांक्रीट सड़क बन रही हैं, बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो रही हैं, कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है, अपार्टमेंट बन रहे हैं, लेकिन न तो पौधे लगाए जा रहे हैं और न ही वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया जा रहा है। हर साल निगम में मकान बनाने के लिए डेढ़ हजार आवेदन आ रहे हैं, जिसमें करीब 1 हजार की स्वीकृति मिल रही है, लेकिन जितने मकान बने हैं उतने तो पौधे भी नहीं लग रहे हैं। नियम पर गौर करें तो शहर के कुल क्षेत्रफल का 10% ग्रीन बेल्ट होना चाहिए लेकिन ऐसा है नहीं।

### प्रदूषण से हर अंग को पहुंचता है नुकसान

वायु प्रदूषण मानव शरीर के हर अंग और लगभग हर कोशिका को नुकसान पहुंचा सकता है। बच्चों को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। बच्चे भी अस्थमेटिक हो रहे हैं। श्वास से संबंधित सभी बीमारियां प्रदूषण से होती हैं। धूल, धुआं, वाहनों से फैलने वाला प्रदूषण हानिकारक है। पांच एमएम माइक्रोन से कम धूल हमारी सांस नली में जाती है जिससे दमा, अस्थमा, सीओपीडी और सिलिकोसिस नाम की बीमारी का जन्म होता है।

- **डा. मनोज दुबे**, वरिष्ठ चिकित्सक, बिलासपुर

### हरियाली पर लगातार काम हो रहा

नगर निगम की ओर से हरियाली और आक्सीजोन पर लगातार काम किया जा रहा है। राजीव प्लाजा रोड में ग्रीन बेल्ट विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही मल्टी परपज हाई स्कूल मैदान जहां 24 करोड़ रुपए खर्च कर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण किया गया है वहां औरचिल्हाटी, मंगला सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, मंगला - कोनी रोड आदि का चिन्हांकन किया गया है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

# बंद होंगे डिवाइडर, हटाए जाएंगे अतिक्रमण व पोल



शहर का निरीक्षण करते निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की दिशा में कवायद करते हुए नगर निगम ने तय किया है कि अनावश्यक डिवाइडर बंद किए जाएंगे।

फूटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके लिए ट्रैफिक विभाग और निगम दोनों मिलकर अभियान चलाएंगे। इसके अलावा सड़कों पर गाड़ियां खड़ी कर जाम करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही अतिक्रमण और सड़कों से पोल भी हटाए जाएंगे। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और ट्रैफिक एडिशनल एसपी रामगोपाल करियारे ने अधिकारियों के साथ सड़कों पर शनिवार को घूमकर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था का जायला लिया।

दोनों अधिकारियों ने पुराना बस स्टैंड, महाराणा प्रताप चौक, मंगला चौक, मां महामाया चौक, उसलापुर रोड समेत अन्य स्थानों पर पहुंचकर चौराहे और सड़क का मुआयना किया।

इस दौरान सड़कों के बीच के ऐसे डिवाइडर जिनसे ट्रैफिक जाम और दुर्घटना होती है, उसे बंद करने और सड़क किनारे तथा चौक के आसपास अतिक्रमण हटाने को लेकर योजना बनाई गई।

### लेफ्ट फ्री रखने के खास निर्देश

इसके अलावा बिजली और स्ट्रीट लाइट के कुछ ऐसे भी पोल को चिन्हित किया गया है जिसे शिफ्ट करने से यातायात में सुधार होगा,ऐसे सभी पोल को भी शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा लेफ्ट फ्री रखने के निर्देश देते हुए हर चौक के लेफ्ट एरिया में किसी भी प्रकार के ठेले गुमटी,अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। साथ ही दुकानदारों को भी दुकान के बाहर पार्किंग को व्यवस्थित रखने समझाइश दिया जाएगा। निरीक्षण में निगम और ट्रैफिक विभाग का अमला मौजूद रहा।

# अग्रवाल नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष निर्वाचित

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लि के नवनिर्वाचित संचालक मण्डल में से अध्यक्ष / उपाध्यक्ष एवं विभिन्न संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव शनिवार को सम्पन्न हुआ। बैंक के वर्तमान अध्यक्ष अशोक अग्रवाल लगातार 7 वीं बार अध्यक्ष चुने गए। ज्ञात हो कि श्री अग्रवाल पिछले 30 वर्षो से बैंक के अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह ठाकुर एवं संचालक मण्डल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का पुष्पहार द्वारा अभिनन्दन किया ।

उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती शशि धर्मजीत सिंह ठाकुर एवं चन्द्र प्रकाश जांगड़े निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए हैं। बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिं से विभिन्न संस्थाओं को भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों में अशोक अग्रवाल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्या. बिलासपुर एवं छग शहरी सहकारी बैंक फेडरेशन रायपुर के लिए निर्विरोध प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किए गए तथा बैंक के वरिष्ठ संचालक मनोज भण्डारी, छग राज्य सहकारी बैंक मर्या. रायपुर एवं जिला सहकारी संघ मर्या. बिलासपुर के निर्विरोध प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचन कि घोषणा के पश्चात हर्षोल्लास के साथ विजयी प्रत्याशियों का स्वागत किया गया एवं जमकर फटाके भी फोड़े गए। इस अवसर पर हबीब खान, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, अवध जाजोदिया, प्रवेश चड्डा, अभिनव तिवारी, अशफाक़ हुसैन, संदीप पांडे, रोहित बाजपेयी, राजेंद्र खेडिया, गोपाल शर्मा, सुरेश जाजोदिया समस्त संचालक मण्डल एवं समस्त बैंक स्टाफ उपस्थित थे ।



### 25 दिनों में पूरी हुई चुनावी प्रक्रिया

ज्ञात हो कि बैंक की सम्पूर्ण चुनावी प्रक्रिया 25 दिनों में पूरी हुई। रिटर्निंग अधिकारी आर के गुप्ता एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अरुण शर्मा ने चुनाव परिणामों की घोषणा की। इससे पहले 4 जनवरी को 10 संचालको का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ था। इसमें अशोक अग्रवाल, नारायण आवटी, अनिल खंडेलवाल, मनोज भण्डारी, श्रीमती शशि धर्मजीत सिंह ठाकुर, सुश्री अल्का शर्मा, सोमनाथ यादव, चन्द्र प्रकाश जांगड़े, राज कुमार पमनानी एवं सीताराम जायसवाल निर्विरोध चुने गए थे।

# प्रवचन स्थल से सोने की चेन चोरी एएसआई की पत्नी हुई शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

संदिग्ध महिलाओं के थाने से छूटने के दो घण्टे बाद प्रवचन स्थल से एएसआई की पत्नी के गले से सोने की चेन चोरी हो गई।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर वैष्णवी विहार निवासी सरकण्डा थाने में पदस्थ एएसआई प्रदीप यादव की पत्नी प्रेमलता यादव 9 जनवरी को अपनी बहन आशा यादव के साथ मिनोचा कालोनी में चल रहे जया किशोरी के प्रवचन कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शाम 7 बजे दोनों बहन टी स्टाल में चाय पीने लगी। भीड़ का फायदा उठाते हुए शातिर चोरों ने श्रीमती यादव के गले से सोने की चेन चोरी कर ली। गले से कुछ खींचने का अहसास तो श्रीमती यादव को हुआ लेकिन भीड़ के चलते उन्होने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसी दौरान उनकी बहन आशा यादव ने किसी अज्ञात महिला को खुद से टकराता देखा भी लेकिन पलटकर देखने तक महिला भाग गई थी। श्रीमती यादव ने अपने गले को देखा तो सोने की चेन चोरी हो गई थी। चोरी गई चेन की कीमत 1.50 लाख रुपए बताई जा रही है। सोने की चेन चोरी होने से प्रवचन स्थल में हड़कंप मच गया। लोगों ने चोरी करने वाली महिला की तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। पुलिस ने श्रीमती यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




■ अज्ञात महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज

### संदिग्ध महिलाओं के छूटने के बाद चोरी

9 जनवरी की सुबह उसलापुर रेलवे स्टेशन से दूसरे प्रदेश की पांच महिलाएं मंगला चौक आई और लोगों से जया किशोरी के प्रवचन स्थल का पता पूछ रही थी। सूचना पर एसीसीयू टीम ने उक्त पांच महिलाओं को पकड़कर तारबाहर थाने में बैठा दिया। पूछताछ करने के बाद शाम 5 बजे थाने से महिलाओं को छोड़ दिया गया। उसके दो घण्टे बाद प्रवचन स्थल से एएसआई की पत्नी के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। आशंका जताई जा रही है कि उक्त महिलाओं के गिरोह के सदस्यों के द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

# एटीआर मामले में दो वनपाल होंगे सस्पेंड

**बिलासपुर।** एटीआर के सुरही रेंज में एयरगन लेकर अंदर प्रवेश कर फायरिंग करने वाले चार आरोपियों में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं चौथा आरोपी अभी भी फरार है।

■ मुख्य आरोपी अब तक है फरार

इस मामले में प्रबंधन ने दो वनपाल के खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाई करने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा है। अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित जोन से लगे क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर हथियार लहराने के मामले में तत्काल प्रभाव से संबंधित बैरियर गार्ड को कार्य से पृथक कर दिया और संबंधित परिक्षेत्र अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 2, 9, 27, 29, 38, 39, 50 एवं 51 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई करते हुए चार में से तीन आरोपी राजाबाड़ी लोरमी निवासी अजीतदास वैष्णव, पिता स्व.रामकुमार दास वैष्णव 26 वर्ष, तुमड़ीबोड़ राजनादगांव निवासी विकांत वैष्णव पिता विजय दास वैष्णव 36 वर्ष और मुंगेली रोड लोरमी निवासी अनिकेत मौर्य पिता सुनील मौर्य 27 वर्ष गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें 14 दिवस की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इन आरोपियों में अब तक एक आरोपी फरार घोषित किया जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंधन ने जाकड़बांध और जमुनाही के वनपाल दिलीप कुमार उपाध्याय और रामकुमार साहू को सस्पेंशन की कार्रवाई करने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने के साथ ही चौथे फरार आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।


एटीआर में फायरिंग : दो डिप्टी रेंजरों पर कार्रवाई, रेंजर को नोटिस

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# सूने मकान से गहने और 50 हजार नकद की चोरी

**बिलासपुर।** सूने मकान में चोरो ने धावा बोलकर जेवर व नकद रकम पार कर दिया है। पुलिस जांच में जुट गई है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक निवासी चंदा बाई राजपूत ने रिपोर्ट लिखाई है कि 9 जनवरी की रात 11 बजे खाना खाकर सो गई थी। 10 जनवरी की सुबह 4 बजे उनके छोटी बहन राधा राजपूत ने बताया कि उसकी बेटी निशा राजपूत के कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान अस्त व्यस्त पड़े है। उसके कमरे से सोने की फुल्ली, पायल, बाली व 50 हजार रुपए नकद रकम चोरी हो गई है। सूचना पर पुलिस मकान का मुआयना कर चोरों की पतासाजी में जुट गई है। पुलिस ने श्रीमती राजपूत की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



### मूकमाटी के नाम से चलेगी रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने जबलपुर से रायपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का नाम बदलकर मूक माटी एक्सप्रेस कर दिया है। इस नए नामकरण को चेंज करने के बाद क्षेत्रीय संस्कृति, धरती से जुड़ाव एवं सामाजिक मूल्यों को पहचान मिली है। जानकारी के अनुसार रेलवे बोर्ड के अनुमोदन से 11701/11702 रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस का नाम परिवर्तित कर मूक माटी एक्सप्रेस कर दिया गया है। मूक माटी नाम छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों की उस धरती का प्रतीक है, जो बिना शब्दों के भी अपनी समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक चेतना को संजोए हुए हैं।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# ना ओटीपी बताया ना लिंक सर्च किया फिर भी बुजुर्ग के खाते से 50 हजार रुपए निकले

**बिलासपुर।** ना ओटीपी बताया ना लिंक सर्च किया फिर भी बुजुर्ग के बैंक खाते से 50 हजार रुपए पार कर लिए गए। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, शिवमंगल अपार्टमेंट निवासी जुगल किशोर मुंदड़ा 60 साल ने रिपोर्ट लिखाई है कि उनके मोबाइल में 50 हजार रुपए निकल जाने का मैसेज आया। उन्होंने बैंक जाकर पता किया तो इसकी जानकारी मिली। बैंक से बताया गया कि उनके बैंक खाते से 50 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है।

श्री मुंदड़ ने बताया, उन्होंने किसी को ना तो ओटीपी बताया है और ना ही किसी लिंक को सर्च किया है। उसके बाद भी जालसाजों ने उनके बैंक खाते 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 ग, 66 घ के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

स्वामी जी 93406-38884




By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
18 अप्रैल 2026
2 मई 2026
18 मई 2026
20 मई 2026
14 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 20,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com




रामेश्वरम् धाम यात्रा
17 फरवरी, 14 अप्रैल, 19 मई 2026 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411